CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 49 रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# रायपुर में 'स्त्री-2' थीम पर बनी होलिका लोगों को लुभा रही मूर्तिकारों की क्रिएटिविटी





**रायपुर,** 13 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है. बाजारों में रौनक के साथ ही होलिका दहन की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं. जगह-जगह होलिकाओं का अनोखा अंदाज भी दिख रहा है. इस बार शहर के प्रसिद्ध स्थल में से एक कालीबाड़ी चौक पर 'स्त्री 2' फिल्म की थीम पर आधारित होलिका की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. ओ स्त्री कल आना थीम के साथ मूर्ति के पास फिल्म के प्रसिद्ध कैरेक्टर 'सरकटा' की प्रतिमा भी बनाई गई है, जो लोगों को खासा आकर्षित कर रही है.

इस अनोखी मूर्ति को पुजारी मूर्तिकार बंधुओं ने तैयार किया है. इसके साथ ही और भी कई अनोखी होलिका की मूर्तियां तैयार की गई हैं. मूर्तिकार राकेश पुजारी ने लल्लूराम डॉट कॉम से बातचीत करते हुए कहा कि वे पिछले 15 वर्षों से अलग-अलग थीम की मूर्तियां मूर्तियां बना रहे हैं. इस बार 'स्त्री 2' फिल्म का ट्रेंड काफी चल रहा है. इस थीम पर सरकटा के रूप में होलिका दहन के लिए मूर्ति बनाई है. अब तक राजधानी रायपुर में 20 से ज्यादा मूर्तियां मैंने बेची हैं और अलग-अलग थीम की मूर्तियां भी इस बार रायपुर में देखने को मिलेंगी, जो काफी आकर्षक रहेंगी.

### होलिका दहन का मुहूर्त आज रात्रि 10.44 बजे के बाद

श्रीजगद्गुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती आश्रम बोरियाकला के प्रधान दंडी स्वामी एवं ज्योतिषाचार्य ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद ने बताया कि होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी गुरुवार, 13 मार्च को रात्रि 10.44 बजे के बाद ही करना चाहिए।

# जमीन रजिस्ट्री होगी महंगी

**रायपुर, 13 मार्च (हाईवे चैनल)।** जमीन की खरीदी-बिक्री की सोच रहे हैं, तो इंतजार मत किजिए. एक अप्रैल से रजिस्ट्री दर में 10 प्रतिशत इजाफे के आसार हैं. ऐसी स्थिति में आपके साथ-साथ दूसरे पक्ष को भी कार्रवाई के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा. दरअसल, पिछले 6 साल से गाइडलाइन दरें नहीं बढ़ाई गई है. इसके साथ ही सालभर पहले रजिस्ट्री में मिलने वाली 30 फीसदी की छूट भी खत्म कर दी गई है. अबकी बार या करें इस साल इसे करीब 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी है. गाइडलाइन दरें बढ़ने से जमीनों का रेट बढ़ेगा। गाइडलाइन दर बढ़ने की आशंका में अभी से रजिस्ट्री कार्यालय में पक्षकारों की भीड़ नजर आने लगी है. मार्च महीने के अंत तक तो कार्यालय में पैर रखने की भी जगह नहीं मिलेगी. हालांकि, भीड़ बढ़ने के चलते ही रजिस्ट्री का समय वो घंटे बढ़ा दिया गया है. बुकिंग स्लॉट भी बढ़ा दिया गया है. लेकिन प्रकरणों की संख्या ज्यादा होने से समय ज्यादा तो लगेगा ही लगेगा, साथ में गड़बड़ी की भी आशंका बढ़ जाएगी. इसलिए बेहतर है कि समय रहते कागजों की ठीक जांच-पड़ताल कर रजिस्ट्री करा लें।

# बलूच आर्मी ने 50 और बंधकों को उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने हाईजैक की गई ट्रेन से 50 और बंधकों को मार डाला है। इससे पहले 50 बंधकों को मारने की खबर आई थी। अब तक कुल 100 बंधकों की हत्या हो चुकी है, जबकि अभी भी करीब 150 लोग बीएलए के कब्जे में हैं। बीएलएने दावा किया है कि बलूचों की राष्ट्रीय अदालत ने इन 50 बंधकों को बलूचिस्तान में युद्ध अपराध, जातीय सफाए, जबरन गायब करने और संसाधनों के दोहन का दोषी पाया था, इसलिए उन्हें मौत की सजा दी गई। आज पाकिस्तान की सेना और क्र्र के बीच झड़प में 10 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। वहीं, गोलीबारी में 30 पाकिस्तानी सैनिक ढेर हुए थे। इसके अलावा, पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन हमले के जवाब में बीएलएने 10 बंधकों को मार दिया था। बलूच आर्मी ने पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का समय दिया था, जिसमें से 28 घंटे बीत चुके हैं। अब पाकिस्तान सरकार के पास बंधकों की जान बचाने के लिए केवल 20 घंटे बचे हैं। अगर पाकिस्तान सरकार क्र्र से किसी समझौते पर नहीं पहुंचती, तो मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।




### शुभकामनाएं

**होली के अवसर पर विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, पाठकों एवं शुभचिंतकों को हमारी रंगभरी हार्दिक बधाई।**

**2 दिन छुट्टी**

**होली के अवसर पर 'हाईवे चैनल' कार्यालय में 14 व 15 मार्च को अवकाश रहेगा। अगला अंक 16 मार्च को मिलेगा। – संपादक**

## ब्रेकिंग न्यूज

### होली पर साल का पहला चंद्र ग्रहण

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (न्यूज चैनल)। होली पर चंद्र ग्रहण लग रहा है। नासा की वेबसाइट के आंकड़ों के अनुसार ब्लड मून की घटना 14 मार्च को अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका सहित धरती के पश्चिमी गोलार्ध में दिखाई देगी. यानी भारत में नहीं दिखेगा.

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने होली पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर,** 13 मार्च। रंगों के पर्व होली के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने इस पावन अवसर पर सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, यह लोगों के जीवन में उल्लास के रंग भर देता है और खुशहाली लाता है। यह त्यौहार, सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने तथा समाज में भाई-चारे एवं समरसता की भावना को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि रंगों के इस पर्व को लोग आपस में मिल-जुल कर मनाएं।




**चूहा- सुनती हो, कल विधानसभा में पक्ष-विपक्ष होली खेल रहे थे बधाई भी दिए, गले भी मिले।**

**चुहिया- हां जी, दरअसल रंग-गुलाल भारतमाला परियोजना का हिस्सा नहीं है...!**

# नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, अमदई खदान में प्रेशर कुकर आईईडी बरामद, सुरक्षाबलों ने किया निष्क्रिय



**नारायणपुर,** 13 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले के अमदई खदान (निको कंपनी) के डंप एरिया में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है. जवानों ने यहां से 5 किलोग्राम से अधिक वजन का प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया और उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया. यह मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है. नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए यह आईईडी प्लांट किया था. इससे पहले भी इसी क्षेत्र में आईईडी विस्फोट की घटना हो चुकी है, जिसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई थी और कुछ अन्य घायल हुए थे. इस घटना के बाद एसपी ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं आईईडी या संदिग्ध वस्तु दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें. सूचना देने वालों को इनाम दिया जाएगा।

### फर्जी सैक्स सीडी मामले में भूपेश बघेल पर फिर शिकंजा कसने की तैयारी




**रायपुर,** 13 मार्च (हाईवे चैनल)। फर्जी सैक्स सीडी मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इतनी आसानी से निजात नहीं मिलने वाली है. स्पेशल मजिस्ट्रेट द्वारा उनके खिलाफ आरोप हटाने के आदेश पर सीबीआई ने रिवीजन फाइल की है, जिसकी सुनवाई 4 अप्रैल को होगी.

### दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 24 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (न्यूज चैनल)।दिल्ली पुलिस ने एक सप्ताह तक चले अभियान में दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली से दो नाबालिगों समेत 24 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण दिल्ली से 13 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया जबकि दक्षिण-पूर्वी दिल्ली से दो नाबालिगों समेत 11 अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि अभियान छह मार्च को शुरू हुआ था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राजधानी की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के निर्देश के कुछ दिनों बाद यह कार्रवाई की गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी रेंज) एस के जैन ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों के पास बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी राष्ट्रीय पहचान पत्र पाए गए। उन्होंने बताया कि भारत में प्रवेश करने के बाद अवैध प्रवासियों ने कथित तौर पर स्थानीय संपर्कों का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी से भारतीय पहचान दस्तावेज हासिल किए।

# स्पैडेक्स उपग्रह सफलतापूर्वक अनडॉक चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हुआ

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (न्यूज चैनल)। होली से पहले इसरो ने देश को बड़ा तोहफा दिया है। इसरो ने स्पैडेक्स उपग्रह की सफलतापूर्वक अनडॉकिंग कर ली है। इसके साथ ही चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी; पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने इस कामयाबी के लिए इसरों को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, इसरो टीम को बधाई। यह हर भारतीय के लिए खुशी की बात है। स्पैडेक्स उपग्रहों ने अविश्वसनीय डी-डॉकिंग को पूरा कर लिया गया है। इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान 4 और गगनयान समेत भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों में काफी मदद मिलेगी। इन मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग भी इससे प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निरंतर संरक्षण इस उत्साह को बढ़ाता है।



इससे पहले 16 जनवरी को भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की थी। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था, %भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।% इसके साथ ही अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया था। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए जरूरी है।

# भारत माला परियोजना में भ्रष्टाचार की जांच करेगी ईओडब्ल्यू

## सीएम साय बोले- दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा



**रायपुर,** 13 मार्च (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ में भारत माला परियोजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से जांच कराने का निर्णय लिया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्रिपरिषद ने राज्य में नक्सल समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल करते हुए छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति-2023 के स्थान पर छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 को मंजूरी प्रदान की है. इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसी सुविधाएं दी जाएगी.

### कैबिनेट बैठक में लिए गए ये निर्णय

छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक-2025 विधानसभा के प्रारूप का अनुमोदन किया गया.

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया.

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया.

मुख्यमंत्री ने 27 फरवरी को फिल्म ''छावा'' को राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की थी. मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में फिल्म छावा के प्रदर्शन पर प्रवेश के लिए देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किए जाने का अनुमोदन किया गया.

मंत्रिपरिषद ने राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक योजना तैयार करने के लिए राज्य जल सूचना केन्द्र का गठन करने का निर्णय लिया. इसके लिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की सहमति प्रदान की गई. स्टेट वाटर इंफॉर्मेशन सेंटर वर्षा, नदी और जलाशयों के स्तर, भूजल गुणवत्ता, गाद, नहरों में जल प्रवाह, फसल कवरेज, जलभृत मानचित्रण, भूमि और मिट्टी के डेटा सहित जल संसाधन संबंधी विभिन्न सूचनाओं का संग्रह, विश्लेषण और भंडारण करेगा.

एसडब्ल्यूआईसी, एनडब्ल्यूआईसी द्वारा विकसित डिजिटल प्लेटफार्म की सहायता से जल संसाधन प्रबंधन के लिए प्रमाणिक डेटा उपलब्ध कराएगा. इससे नीति निर्माण, रणनीतिक निर्णय, मॉडलिंग, विश्लेषणात्मक उपकरणों के विकास और जल प्रबंधन को मजबूती मिलेगी.

मंत्रिपरिषद ने राज्य के जल संसाधन विभाग के 09 बॉधों के सुधार कार्यों के लिए 522.22 करोड़ रुपए भारत सरकार के माध्यम से ऋण स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया. इनमें मनियारी टैंक, घोंघा टैंक, दुधावा, किंकारी, सोंढूर, मूरूमसिल्ली (भाग-2), रविशंकर सागर परियोजना (भाग-2), न्यूज रूद्री बैराज और पेण्ड्रावन टैंक शामिल हैं.

मंत्रिपरिषद ने राज्य में सुशासन और नीति क्रियान्वयन को मजबूत करने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना शुरू करने का निर्णय लिया है.

यह योजना आईआईएम रायपुर और ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली के सहयोग से सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा संचालित की जाएगी. यह योजना छत्तीसगढ़ के मूल निवासी युवाओं के लिए होगी. इस कार्यक्रम को सुफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले फेलो को आईआईएम रायपुर द्वारा एमबीए के डिग्री प्रदान की जाएगी. प्रारंभिक तौर पर चयनित फेलो को दो वर्ष की कुछ अवधि में आईआईएम रायपुर में शैक्षणिक सत्र में शामिल होना होगा और शेष अवधि में जिला/विभाग में राज्य की योजनाओं एवं कार्यक्रम के लिए कार्य करके जिला/विभाग को सहयोग प्रदान करना होगा. इस कार्यक्रम में होने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा. साथ ही फेलो को प्रति माह स्टाईपेंड भी प्रदान किया जाएगा। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ में भारत माला परियोजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से जांच कराने का निर्णय लिया है।

CMYK